आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के दूसरे चरण के लाभार्थियों को भेजी गयी अनुदान राशि की पहली किस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– सरकार हर गरीब के साथ है।
- अयोध्या में 19 मार्च को श्रीराम यंत्र का पूजन करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में कल स्थापित किया जाएगा श्रीराम यंत्र।
- एलपीजी गैस लेकर भारत पहुंचा भारतीय पोत शिवालिक। सरकार ने कहा–देश में ईंधन की कोई कमी नहीं। रसोई गैस की ऑनलाइन बुकिंग में हुई है बढ़ोत्तरी।
- नोएडा, लखनऊ और कानपुर सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में आठ डेटा सेंटर पार्क विकसित करेगी प्रदेश सरकार।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के दूसरे चरण के अंतर्गत 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में अनुदान राशि की पहली किस्त भेजी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों और वंचितों के हितों को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाओं को चला रही है।

***जब डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश में आई तो पच्चीस करोड़ की आबादी ही हम सब का अपना परिवार है और उसको योजना का लाभ मिलना चाहिए यह सरकार की प्राथमिकता है और उसकी संवेदना इसलिए हर गरीब के साथ, हर गांव के साथ, हर युवा के साथ, हर महिला के साथ, हर अन्नदाता किसान के साथ, हर श्रमिक के साथ में है।***

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्नीस मार्च को राम नगरी अयोध्या में नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर श्रीराम यंत्र का विधि विधान से पूजन करेंगी। इससे पहले कल श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में इस यंत्र की विधिवत स्थापना की जाएगी। एक रिपोर्ट–

***मंदिर परिसर में बुधवार को श्री राम यंत्र की विधिवत स्थापना की जाएगी। जिसके बाद 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस यंत्र का पूजन करेंगी। यह श्री राम यंत्र करीब दो वर्ष पूर्व कांची कामकोटि पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेंट किया था, जिसकी अब तक मंदिर परिसर में पूजा की जा रही थी। वहीं अब इसे राम मंदिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। वैदिक मान्यता के अनुसार किसी भी मंदिर में यंत्र की स्थापना से उस स्थान की आध्यात्मिक ऊर्जा और अधिक सशक्त मानी जाती है। इस अवसर पर अयोध्या में विशेष वैदिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें देशभर से संत–महात्मा भी शामिल होंगे। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

अपने तीन दिवसीय दौरे में अयोध्या के बाद राष्ट्रपति वृंदावन पहुंचकर दर्शन पूजन करेंगी।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा संचालित सीता की रसोई में भोजन प्रसाद के साथ श्रद्धालुओं को ओआरएस का पैकेट भी दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

***सीता की रसोई के व्यवस्थापक धनंजय पाठक ने कहा कि गर्मी को देखते हुए सीता की रसोई में अब भोजन प्रसाद के साथ ओआरएस का पैकेट भी वितरित किया जा रहा है ताकि दर्शन करने आने वाले भक्तों को डिहाईड्रेशन से बचाया जा सके। सीता की रसोई में श्रद्धालुओं को सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक निःशुल्क भोजन प्रसाद उपलब्ध कराया जाता है। यह रसोई श्रीराम मंदिर के निकास मार्ग पर संचालित है। अयोध्या से तन्मय सोनी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

संसद के दोनों सदनों में कल कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि केंद्र सरकार स्टैंड–अप इंडिया योजना का संशोधित संस्करण लाएगी। एक रिपोर्ट–

***संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही सुचारू रूप से चली। लोकसभा में रेल मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली 2026–27 की अनुदान योजनाओं पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई सांसदों ने अपने विचार रखे। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार जल्द ही स्टैंड–अप इंडिया योजना का संशोधित संस्करण लाएगी, जिससे देश भर में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को लाभ मिलेगा। राज्यसभा में विनियोग विधेयक 2026 पर चर्चा हुई और विभिन्न दलों के कई सदस्यों ने बहस में भाग लिया। शून्यकाल के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में कथित एलपीजी संकट का मुद्दा उठाया। इसके जवाब में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर इस मुद्दे पर राजनीति करने और घबराहट फैलाने का आरोप लगाया। सुपर्णा सैकिया के साथ भूपेंद्र सिंह आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में कच्चे तेल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है और सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और कहीं भी पेट्रोल की कमी की कोई खबर नहीं है। संयुक्त सचिव ने बताया कि रसोई गैस की ऑनलाइन बुकिंग में बढोत्तरी हुई है।

***हम बार–बार कंज्यूमर से अपील कर रहे थे कि ऑनलाइन बुकिंग करें, उसकी वजह से ऑनलाइन बुकिंग में इंक्रीज हुआ है। एक और इनीशिएटीव जो हम पुश करना चाह रहे हैं वो है डिलीवरी अथेंटिकेशन को, सो डिलीवरी अथेंटिकेशन के नम्बर्स में भी इम्प्रुमेंट आया है।***

इस बीच, पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों के बीच भारतीय पोत शिवालिक छियालीस हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर कल गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंच गया। पत्तन, पोत, परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी लेकर आ रहा एक अन्य भारतीय पोत नंदा देवी आज भारत पहुंच रहा है।

**********

राज्य में उपभोक्ताओं को समय पर घरेलू गैस उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी लगातार भ्रमण कर के स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में महोबा के एसडीएम और जिला पूर्ति अधिकारी ने कल वहां गैस एजेंसी की जांच की। एसडीएम शिव ध्यान पांडेय ने बताया कि जांच का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी उपभोक्ता को गैस के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।

***शहरवासियों को गैस समय से उपलब्ध हो और जो हमारे गैस एजेंसी वाले लोग हैं होम डिलीवरी करें। इन्हीं सब चीजों को लेकर के हम लोग भ्रमणशील हैं।***

**********

प्रदेश सरकार नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और आगरा सहित प्रमुख शहरों में आठ डेटा सेंटर पार्क विकसित करेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में भूमि की पहचान और आवंटन की प्रक्रिया में काफी प्रगति हो चुकी है। कुछ कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, जबकि अन्य स्थानों पर भूमि की पहचान और मास्टर प्लानिंग का कार्य जारी है। प्रदेश सरकार ने इन केंद्रों के लिए लगभग नौ सौ मेगावाट की बिजली की मांग को पूरा करने की योजना बनाई है। इन आठ डेटा सेंटर पार्कों के विकास से लगभग पचास हजार प्रत्यक्ष नौकरियां और बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होने की संभावना है।

**********

साहित्य अकादमी ने कल चौबीस भारतीय भाषाओं में साहित्य अकादमी पुरस्कार–दो हजार पच्चीस के विजेताओं की घोषणा की। ये पुरस्कार इस महीने इकतीस तारीख को नई दिल्ली में प्रदान दिये जाएंगे। एक रिपोर्ट–

***इस वर्ष आठ काव्य संग्रह, चार उपन्यास, छह लघु कथाएं और दो निबंधों को साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही एक साहित्यिक आलोचना, एक आत्मकथा और दो संस्मरणों को भी इस पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। प्रख्यात लेखिका ममता कालिया को उनके हिंदी संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं, प्रख्यात राजनयिक नवतेज सरना को उनके अंग्रेजी उपन्यास 'क्रिमसन स्प्रिंग' के लिए ये पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही उर्दू कविता 'सफर जारी है' के लिए प्रीतपाल सिंह बेताब को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। सभी पुरस्कार विजेताओं को एक लाख रुपये की राशि के साथ एक उत्कीर्ण तांबे की पट्टिका प्रदान की जाएगी। सौम्य शरण के साथ शिवांग मिश्रा आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

उत्तर प्रदेश आतंकवाद विरोधी दस्ते–यूपी एटीएस ने आईएसआईएस से कथित संबंध होने के आरोप में बीडीएस द्वितीय वर्ष के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। एटीएस की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि एजेंसी को जानकारी मिल रही थी कि उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में कुछ लोग प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के आतंकवादी मॉड्यूल के सदस्यों के तौर पर सक्रिय हैं। विस्तृत जांच के बाद एटीएस ने मुरादाबाद से सहारनपुर के रहने वाले बीडीएस के छात्र को गिरफ्तार कर लिया।

**********